कार्यालय प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख (शाखा प्रशासन–।।)

वन भवन, तुलसी नगर, लिंक रोड नम्बर–2, म.प्र. भोपाल–462003

क्रमांक/प्रशा.।।/क्षे.स्था.2/2299 भोपाल, दिनांक 22 **मई 2024**

प्रति

समस्त मुख्य वन संरक्षक (क्षेत्रीय)
मध्यप्रदेश

विषयः–वर्ष 2022–23 में **वनरक्षक एवं क्षेत्ररक्षक** भर्ती में लिखित परीक्षा में द्वितीय चरण हेतु सफल अभ्यार्थियों के अभिलेख परीक्षण, शारीरिक माप एवं पैदल चाल कार्यक्रम सम्पन्न कराने बावत (होमगार्ड्स स्वयंसेवी सैनिकों की वनरक्षकों के पद पर भर्ती हेतु अभिलेख परीक्षण, शारीरिक माप एवं पैदलचाल परीक्षण की दिनांकों में संशोधन बावत)

सन्दर्भः कार्या. पत्र क्र./क्षे.स्था.2/2027 दिनांक 06 मई 2024, पत्र क्र./2036 दिनांक 09.5.2024 एवं पत्र क्रमांक/2226 दिनांक 17.5.2024

———————

विषयांतर्गत कृपया सन्दर्भित पत्रों का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिनके माध्यम से 37 जिला मुख्यालयों/वन मण्डलो में **दिनांक 24.05.2024 से 27.05.2024** के मध्य वनरक्षक/ क्षेत्ररक्षक के पद हेतु सफल अभ्यार्थियों का अभिलेख परीक्षण, शारीरिक माप एवं पैदल चाल की कार्यवाही कराये जाने हेतु निर्देश दिये गये है।

2. महानिदेशक, होमगार्ड्स, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन भोपाल द्वारा उनके पत्र क्रमांक/प्रशि./204 दिनांक 15.5.2024 से अवगत कराया गया है कि दिनांक 21.5.2024 से 26.5. 2024 की अवधि में मध्यप्रदेश राज्य के 3000 होमगार्ड्स स्वयंसेवी सैनिकों का बल दिल्ली तथा 2000 होमगार्ड्स जवानों का बल लोकसभा चुनाव 2024 ड्युटी हेतु हरियाणा राज्य में जाना है, उक्त होमगार्ड्स जवानों में से लगभग 532 जवान वनरक्षक/क्षेत्ररक्षक पद हेतु द्वितीय चरण के लिए सफल हुए है, परन्तु चुनाव ड्युटी में होने के कारण **दिनांक 24.05.2024 से 27.05.2024** के मध्य वे उपस्थित नहीं हो सकेंगे। **इस संबंध में वनमण्डलाधिकारी रायसेन, उत्तर पन्ना, ग्वालियर एवं देवास द्वारा भी अवगत कराया गया है।** महानिदेशक द्वारा उनके लिए चुनाव पश्चात प्रृथक से तिथि नियत करने का लेख किया गया है।

3. उपरोक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख के अनुमोदन उपरान्त **दिनांक 11.6.2024 से 13.6.2024 के** मध्य होमगार्ड स्वयंसेवी सैनिकों के लिए तिथि निर्धारित की गई है, जिला/वनमण्डल एवं स्थान की जानकारी पृथक से भेजी जावेगी।

कृपया **यह विशेष ध्यान रखें कि यह सुविधा केवल होमगार्ड स्वयंसेवी सैनिकों के लिए है,** अन्य अभ्यार्थियों पर लागू नहीं होगी। होमगार्ड स्वयंसेवी सैनिकों सहित जो अभ्यार्थी **दिनांक 24.05. 2024 से 27.05.2024** के मध्य उपस्थित नहीं होते है, **प्रपत्र–3 में उन्हें अनुपस्थित दर्शाया जावे।**

टीपः–जो अभ्यार्थी अभिलेख परीक्षण/शारीरिक माप में अनुपयुक्त पाये जाते है, उन्हें पैदलचाल की पात्रता नहीं होगी।

22/5/24

(कमलिका मोहन्ता)
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशा.।।)
म.प्र. भोपाल

E:\17.2.16\SN Singh\FG Bharti 2022-2023\Letter-2022 PEB.docx

पृष्ठां.क्रमांक / प्रशा. ।।/क्षे.स्था.2 / 2300 भोपाल, दिनांक 22 मई 2024

प्रतिलिपि–

1. प्रबंध संचालक, मध्यप्रदेश राज्य वन विकास निगम, वन भवन, भोपाल की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।
2. महानिदेशक, होमगार्ड्स, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन भोपाल की ओर आपके पत्र क्रमांक/प्रशि./204 दिनांक 15.5.2024 के सन्दर्भ में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।
3. समस्त संबंधित नोडल वनमण्डलाधिकारियों की ओर सन्दर्भित पत्रों के तारतम्य में सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित है।

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशा.।।)
म.प्र. भोपाल

E:\17.2.16\SN Singh\FG Bharti 2022-2023\Letter-2022 PEB.docx